Fourteenth Loksabha

Session : 6
Date : 01-12-2005

Participants : Sharma Shri Madan Lal

>

Title **:** Need to construct a second bridge over river Chenab at Akhnoor in J & K.

श्री मदन लाल शर्मा (जम्मू) : ऑनरेबल स्पीकर साहब, मैं आपकी वसासत से सरकार और खासकर डिफैन्स मिनिस्टर साहब की तवज्जह अपने क्षेत्र के पुंछ और राजौरी जिलों की तरफ दिलाना चाहता हूं। दरियाए चिनाब पर एक ही पुल है और पिछले दिनों जलजला आ जाने की वजह से उसे थोड़ा नुकसान पहुंचा है, जिसकी वजह से जराये आमद-ओ-रफ्त को काफी जक पहुंच रही है। मैं सरकार से मौदबाना गुजारिश करना चाहता हूं कि सैकिन्ड ब्रिज, जिसका प्रोसैस एक साल पहले शुरू हुआ था, उसका टेन्डर हुआ, एक फर्म को अलॉट हुआ और फिर वह कैन्सिल हो गया। जब से भूकम्प आया है, राजौरी और पुंछ में राहत कार्यों में बाधा पहुंच रही है। वहां बच्चों को आने-जाने की बड़ी परेशानी हो रही है। पढ़ने वाले बच्चों को चूंकि जम्मू आना पड़ता है। चार-चार घंटे दरिया चिनाब के इस पार और उस पार रुकना पड़ता है। ये दोनों जिले एक्चुअल लाइन ऑफ कंट्रोल पर वाके हैं। इसलिए मैं ऑनरेबल डिफैन्स मिनिस्टर साहब से मौदबाना गुजारिश करूंगा कि इस प्रोसैस को जल्दी शुरू किया जाए और उसका टेन्डर करके काम शुरू किया जाए।